This question paper contains **32** printed pages]

*Your Roll No*................

**7639**

**B.Com./II** **D-I**

Paper VII—CORPORATE ACCOUNTING

(Admission of 2006 onwards)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 75*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :—* Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *All* questions.

**सभी** प्रश्न हल कीजिए ।

1. The directors of Nivia Ltd. invited applications for 20,00,000 equity shares of ₹ 10 each to be issued at a premium of ₹ 5. The amount payable per share is as under :

| | |
|---|---|
| On application | ₹ 5 |
| On allotment | ₹ 7 (including premium) |
| On first call | ₹ 2 |
| On final call | the balance |

Applications were received for 24,00,000 shares and allotment was made as follows :

(*a*) To applicants for 10,00,000 shares—in full

(*b*) To applicants for 8,00,000 shares—6,00,000 shares

(*c*) To applicants for 6,00,000 shares—4,00,000 shares.

Applicants for 10,000 shares falling in category (*a*) and applicants for 12,000 shares falling in category (*b*) failed to pay allotment money. These shares were forfeited on failure to pay the first call.

Holders of 12,000 shares falling in category (*c*) failed to pay first call and final call and these shares were forfeited after final call.

13,000 shares [10,000 of category (*a*) and 3,000 of category (*b*)] were reissued at ₹ 8 per share as fully paid.

Journalise the above transactions, show Cash Book and prepare Balance Sheet. 15

निविया लि. के निदेशकों ने ₹ 5 के प्रीमियम पर जारी किए जाने वाले ₹ 10 प्रति शेयर मूल्य के 20,00,000 इक्विटी शेयरों के लिए आवेदन आमंत्रित किए। प्रति शेयर राशि इस प्रकार देय थी :

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | ₹ 5 |
| आबंटन पर | ₹ 7 (प्रीमियम सहित) |
| प्रथम माँग पर | ₹ 2 |
| अंतिम माँग पर | शेष |

24,00,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए और आबंटन इस प्रकार किया गया :

(क) 10,00,000 शेयरों के आवेदकों को—पूरा।

(ख) 8,00,000 शेयरों के आवेदकों को—6,00,000 शेयर।

(ग) 6,00,000 शेयरों के आवेदकों को—4,00,000 शेयर।

संवर्ग (क) के 10,000 शेयरों के आवेदकों और संवर्ग (ख) के 12,000 शेयरों के आवेदकों ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया। प्रथम माँग पर भुगतान न करने पर ये शेयर ज़ब्त कर लिए गए।

संवर्ग (ग) के 12,000 शेयरों के धारक प्रथम माँग और अंतिम माँग पर भुगतान नहीं कर पाए और इन शेयरों को अंतिम माँग के बाद ज़ब्त कर लिया गया।

13,000 शेयर (संवर्ग (क) के 10,000 और संवर्ग (ख) के 3,000 शेयर) पूर्ण प्रदत्त ₹ 8 प्रति शेयर पुनः निर्गमित किए गए।

उपर्युक्त संव्यवहार की जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। रोकड़ बही दिखाइए और तुलनपत्र तैयार कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

The following is the balance sheet of Mamta Ltd. as on 31st March 2010 :

| **Liabilities** | ₹ | **Assets** | ₹ |
|---|---|---|---|
| 5,00,000, 10% Preference | | Fixed Assets | 1,37,00,000 |
| Shares of ₹ 10 each | 50,00,000 | Investments at Cost | |
| 9,00,000 Equity shares | | (Market value ₹ 28,00,000) | 30,00,000 |
| of ₹ 10 each | 90,00,000 | Stock | 90,00,000 |
| Securities Premium Account | 10,00,000 | Debtors | 10,00,000 |
| General Reserve | 75,00,000 | Cash at Bank | 17,50,000 |
| Profit and Loss Account | 20,00,000 | Cash in hand | 50,000 |
| Current Liabilities | 40,00,000 | | |
| | 2,85,00,000 | | 2,85,00,000 |

It was decided on 30th June 2010 to redeem the preference shares at a premium of 10%.

To finance the redemption, all the investments were realised at market value and 1,00,000 equity shares were issued at ₹ 15 per share payable on application. The company also issued 1,00,000, 12% debentures of ₹ 100 each on 1st August, 2010. The company made a bonus issue of one equity share for every two equity shares held on that date.

It was also decided that only minimum reduction should be made in the revenue reserves.

Draft Journal entries to record the transactions and show the Balance Sheet after redemption of Preference Shares and issue of Bonus Shares. 15

ममता लि. का 31 मार्च 2010 का तुलनपत्र निम्नलिखित है :

| देयताएँ | ₹ | परिसंपत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| ₹ 10 प्रति शेयर के | | स्थिर परिसंपत्तियाँ | 1,37,00,000 |
| 5,00,000, 10% अधिमान शेयर | 50,00,000 | लागत पर निवेश | |
| ₹ 10 प्रति शेयर के | | (बाज़ार मूल्य ₹ 28,00,000) | 30,00,000 |
| 9,00,000 इक्विटी शेयर | 90,00,000 | स्टॉक | 90,00,000 |
| प्रतिभूति प्रीमियम लेखा | 10,00,000 | देनदार | 10,00,000 |
| सामान्य आरक्षिति | 75,00,000 | बैंक में रोकड़ | 17,50,000 |
| लाभ-हानि लेखा | 20,00,000 | हाथ रोकड़ | 50,000 |
| चालू देयताएँ | 40,00,000 | | |
| | 2,85,00,000 | | 2,85,00,000 |

30 जून 2010 को अधिमान शेयरों का 10% के प्रीमियम पर मोचन करने का निश्चय किया गया।

मोचन के वित्तीयन के लिए सब निवेशों की बाज़ार मूल्य पर वसूली हुई और आवेदन पर देय ₹ 15 प्रति शेयर के 1,00,000 इक्विटी शेयर जारी किए गए। कंपनी ने

1 अगस्त 2010 को ₹ 100 प्रति ऋणपत्र के 1,00,000 12% ऋणपत्र भी जारी किए। कंपनी ने उस तारीख पर धारित प्रत्येक दो इक्विटी शेयरों के लिए एक इक्विटी शेयर का बोनस निर्गम किया।

यह भी निश्चय किया गया कि राजस्व आरक्षित निधि में न्यूनतम कमी की जाए। संव्यवहार को अभिलेखित करने के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए और अधिमान शेयरों के मोचन और बोनस शेयरों के निर्गम के बाद का तुलनपत्र प्रस्तुत कीजिए।

2. The following is the Trial Balance of Anu Ltd. as on 31st March 2010 :

| | ₹<br>Dr. | ₹<br>Cr. |
|---|---|---|
| Stock (1st April 2009) | 12,00,000 | |
| Purchases | 4,10,00,000 | |
| Sales | | 5,84,00,000 |
| Returns | 2,40,000 | 3,00,000 |
| Manufacturing Expenses | 23,00,000 | |
| 12% Bank loan | | 20,00,000 |
| Office Salaries and Expenses | 44,90,000 | |
| Director's remuneration | 35,00,000 | |

| | | |
|---|---|---|
| Building (Cost) | 50,00,000 | |
| Plant and Machinery (Cost) | 1,50,00,000 | |
| Provision for depreciation | | |
| on Building | | 8,00,000 |
| on Plant and Machinery | | 29,00,000 |
| Sundry Debtors | 50,00,000 | |
| Sundry Creditors | | 16,00,000 |
| Advance Tax | 3,50,000 | |
| Auditor's Fees | 6,00,000 | |
| Interim Dividend paid | 5,00,000 | |
| Profit and Loss Account | | 36,00,000 |
| Preliminary Expenses | 1,20,000 | |
| Cash at Bank | 4,90,000 | |
| Bad debts | 2,10,000 | |
| Provision for Bad debts | | 4,00,000 |
| Share Capital | | 1,00,00,000 |
| | 8,00,00,000 | 8,00,00,000 |

*Additional Informations* :

(*i*) Stock on 31-03-2010 was ₹ 20,00,000.

(*ii*) Depreciate building—10% on cost and plant and machinery 20% on cost.

(*iii*) Make provision for Tax at 35%.

(*iv*) Provision for bad debts is to be created at 4% on debtors.

(*v*) Bank loan was raised on 1st October, 2009.

(*vi*) Write off preliminary expenses by one-fourth.

(*vii*) The Board of Directors recommended a final dividend @ 20% on paid up capital.

(*viii*) Corporate dividend tax is 17%.

Prepare final accounts of the company for 31st March 2010 in accordance with the Companies Act. 15

अनु लिमिटेड का 31 मार्च 2010 का शेष परीक्षण निम्नलिखित है :

| | ₹<br>नामे | ₹<br>जमा |
|---|---|---|
| स्टॉक (1 अप्रेल 2009) | 12,00,000 | |
| खरीद | 4,10,00,000 | |
| बिक्री | | 5,84,00,000 |
| वापसी | 2,40,000 | 3,00,000 |
| विनिर्माण व्यय | 23,00,000 | |
| 12% बैंक ऋण | | 20,00,000 |
| कार्यालय वेतन और व्यय | 44,90,000 | |
| निदेशक का पारिश्रमिक | 35,00,000 | |
| भवन (लागत) | 50,00,000 | |
| संयंत्र और मशीनरी (लागत) | 1,50,00,000 | |
| मूल्यह्रास के लिए प्रावधान | | |
| भवन पर | | 8,00,000 |
| संयंत्र और मशीनरी पर | | 29,00,000 |
| विविध देनदार | 50,00,000 | |
| विविध लेनदार | | 16,00,000 |

| | | |
|---|---|---|
| अग्रिम कर | 3,50,000 | |
| लेखा परीक्षक शुल्क | 6,00,000 | |
| प्रदत्त अंतरिम लाभांश | 5,00,000 | |
| लाभ-हानि लेखा | | 36,00,000 |
| प्रारंभिक व्यय | 1,20,000 | |
| बैंक में रोकड़ | 4,90,000 | |
| अशोध्य ऋण | 2,10,000 | |
| अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान | | 4,00,000 |
| शेयर पूँजी | | 1,00,00,000 |
| | 8,00,00,000 | 8,00,00,000 |

**अतिरिक्त सूचना :**

(*i*) 31-03-2010 को स्टॉक ₹ 20,00,000 था।

(*ii*) भवन को मूल्यह्रासित कीजिए—लागत पर 10% और संयंत्र तथा मशीनरी को लागत पर 20%।

(*iii*) 35% पर कर के लिए प्रावधान कीजिए।

(*iv*) देनदारों पर 4% पर अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान सृजित कीजिए।

(*v*) 1 अक्टूबर 2009 को बैंक ऋण लिया गया।

(*vi*) प्रारंभिक व्ययों को एक-चौथाई से अपलिखित कीजिए।

(*vii*) निदेशक मंडल ने प्रदत्त पूँजी पर 20% की दर पर अंतिम लाभांश की संस्तुति की है।

(*viii*) निगम लाभांश कर 17% है।

कम्पनी अधिनियम के अनुसार 31 मार्च 2010 के लिए कम्पनी का अंतिम लेखा तैयार कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What are the advantages of Buyback of Shares by a company ? 5

(*b*) Rosy Ltd. has a credit balance of ₹ 25,00,000 on Profit and Loss Account as on 1st April 2009. The net Profit for the year is ₹ 1,55,00,000. During the year, half year's dividend was paid on 10% Preference share capital of ₹ 70,00,000.

It was decided that the following appropriations be made :

(*i*) Provision for Taxation ₹ 75,00,000.

(*ii*) Dividend equalisation reserve ₹ 2,50,000.

(*iii*) To pay the final dividend on Preference Shares.

(*iv*) To pay dividend 20% on the ₹ 90,00,000 equity share capital.

(*v*) Transfer to General Reserve ₹ 3,60,000.

(*vi*) Transfer to Sinking Fund ₹ 7,40,000 for redemption of debentures.

(*vii*) Corporate Dividend Tax is 12.5% Plus 10% Surcharge Plus 2% Education Cess.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account. 10

(क) कम्पनी द्वारा शेयरों की वापस ख़रीद के क्या लाभ हैं ?

(ख) रोज़ी लि. का 1 अप्रैल 2009 को लाभ-हानि लेखे पर ₹ 25,00,000 का जमा शेष है। वर्ष के लिए शुद्ध लाभ ₹ 1,55,00,000 हैं। वर्ष के दौरान ₹ 70,00,000 की

10% अधिमान शेयर पूँजी पर आधे वर्ष का लाभांश दिया गया था।

यह निश्चय किया गया कि निम्नलिखित विनियोजन किए जाएँ :

(*i*) कराधान के लिए प्रावधान ₹ 75,00,000।

(*ii*) लाभांश समानीकरण आरक्षित निधि ₹ 2,50,000।

(*iii*) अधिमान शेयरों पर अंतिम लाभांश का भुगतान किया जाए।

(*iv*) ₹ 90,00,000 इक्विटी शेयर पूँजी पर 20% लाभांश दिया जाए।

(*v*) सामान्य आरक्षित निधि में अंतरण ₹ 3,60,000।

(*vi*) ऋणपत्रों के मोचन के लिए निक्षेप निधि में अंतरण ₹ 7,40,000।

(*vii*) निगम लाभांश कर 12.5% जमा 10% अधिभार और 2% शिक्षा उपकर।

लाभ-हानि विनियोजन लेखा तैयार कीजिए।

3. The following was the Balance Sheet of Arya Ltd. as on 31st March 2010 :

| Liabilities | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|
| 75,000, 8% Cumulative | | Goodwill | 75,000 |
| Preference shares of ₹ 10 each | 7,50,000 | Fixed Assets | 38,55,000 |
| 3,60,000 Equity shares of | | Stock | 9,09,000 |
| ₹ 10 each | 36,00,000 | Debtors | 7,50,000 |
| 9% Debentures | 15,00,000 | Bank | 21,000 |
| Interest accrued on Debentures | 1,35,000 | Preliminary Expenses | 75,000 |
| Creditors | 15,00,000 | Profit and Loss Account | 18,00,000 |
| | 74,85,000 | | 74,85,000 |

*Note* :—Preference Dividend was in arrears ₹ 1,20,000.

A new Company Ananya Ltd. is formed with ₹ 45,00,000 as authorised share capital divided into 4,50,000 equity shares of ₹ 10 each. This company will acquire Arya

Ltd. on the following conditions :

(*a*) Old Company's Debentures will be paid by Similar debentures in the new company. For the arrears of interest, equivalent amount of equity shares will be issued.

(*b*) The creditors will be paid in cash.

(*c*) Preference shareholders are paid 10 equity shares in the new company for each share held by them in the old company. They will not press for their dividend arrears.

(*d*) Equity shareholders will be given 10 equity shares in the New Company for 3 shares held in the Old Company.

(*e*) Expenses of ₹ 60,000 will be borne by the new company.

The New Company will take the Current Assets at their book value, except stock which will be reduced by ₹ 45,000.

Remaining equity shares in the new company are issued to the Public and are fully paid.

Prepare : Realisation Account, Preference Shareholders Account, Equity Shareholders Account, Ananya Ltd.'s Account in the books of Arya Ltd. and pass journal entries in the books of Ananya Ltd. 15

आर्य लिमिटेड का 31 मार्च 2010 को निम्नलिखित तुलनपत्र था :

| देयताएँ | ₹ | परिसंपत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| ₹ 10 प्रति शेयर के | | सुनाम | 75,000 |
| 75,000, 8% संचयी अधिमान शेयर | 7,50,000 | स्थिर परिसंपत्तियाँ | 38,55,000 |
| ₹ 10 प्रति शेयर के | | स्टॉक | 9,09,000 |
| 3,60,000 इक्विटी शेयर | 36,00,000 | देनदार | 7,50,000 |
| 9% ऋणपत्र | 15,00,000 | बैंक | 21,000 |
| ऋणपत्रों पर उपचित ब्याज | 1,35,000 | प्रारंभिक व्यय | 75,000 |
| लेनदार | 15,00,000 | लाभ-हानि लेखा | 18,00,000 |
| | 74,85,000 | | 74,85,000 |

**नोट** :—₹ 1,20,000 का अधिमान लाभांश बकाया था।

₹ 10 प्रति शेयर के 4,50,000 इक्विटी शेयरों में विभाजित ₹ 45,00,000 प्राधिकृत शेयर पूँजी की एक नई कम्पनी अनन्य लि. गठित की गई। यह कम्पनी आर्य लिमिटेड का निम्नलिखित शर्तों पर अधिग्रहण करेगी :

(क) पुरानी कम्पनी के ऋणपत्रों का नई कम्पनी में उसी प्रकार के ऋणपत्रों द्वारा भुगतान किया जाएगा। ब्याज के बकाया के लिए तुल्य राशि के इक्विटी शेयर जारी किए जाएँगे।

(ख) लेनदारों का नकद भुगतान किया जाएगा।

(ग) अधिमान शेयर धारकों को पुरानी कम्पनी में उनके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर के लिए नई कम्पनी में 10 इक्विटी शेयर का भुगतान किया जाएगा। वे अपने बकाया लाभांश की माँग नहीं करेंगे।

(घ) इक्विटी शेयर धारकों में पुरानी कम्पनी में धारित 3 शेयरों के लिए नई कम्पनी में 10 इक्विटी शेयर दिए जाएँगे।

(ङ) ₹ 60,000 का खर्च नई कम्पनी वहन करेगी।

नई कम्पनी चालू परिसंपत्तियों को खाता मूल्य पर ग्रहण करेगी किन्तु स्टॉक को ₹ 45,000 किया जाएगा।

नई कम्पनी में बचे हुए इक्विटी शेयर जनता के लिए जारी किये गये और पूर्ण प्रदत्त हुए।

आर्य लिमिटेड की पुस्तकों में वसूली लेखा, अधिमान शेयर धारक लेखा, इक्विटी शेयर धारक लेखा, अनन्य लि. लेखा तैयार कीजिए और अनन्य लि. की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) The Balance Sheet of Sanjana Ltd. as on 31st March 2011 was as follows :

| **Liabilities** | ₹ | **Assets** | ₹ |
|---|---|---|---|
| Equity Share Capital : | | Goodwill | 1,00,000 |
| 1,00,000 Shares of ₹ 10 | | Land and Building | 3,50,000 |
| each, ₹ 8 called up | 8,00,000 | Plant and Machinery | 3,00,000 |
| 10% Preference shares of | | Investments | 40,000 |
| ₹ 10 each fully paid up | 4,00,000 | Stock | 1,80,000 |
| Unsecured loans | 1,60,000 | Sundry Debtors | 2,10,000 |
| Trade creditors | 1,40,000 | Cash at Bank | 25,000 |
| Bank overdraft | 50,000 | Preliminary Expenses | 45,000 |
| | | P & L A/c | 3,00,000 |
| | 15,50,000 | | 15,50,000 |

Contingent Liability : Dividend on Preference Shares has not been declared for 3 years.

The following scheme of reconstruction has been approved by Court :

(*i*) Uncalled capital is to be called up in full and equity shares are to be reduced to ₹ 5 each.

(*ii*) Preference shareholders have agreed to give up their right for 3 years dividend.

(*iii*) Trade creditors are to forgo 10% of their claims.

(*iv*) Investments are to be taken over by Bank in full settlement of the overdraft balance.

(*v*) Plant and Machinery is to be reduced to ₹ 2,00,000.

(*vi*) Stock to be reduced by ₹ 39,000.

(*vii*) Appreciate Land and Building by ₹ 1,00,000.

(*viii*) Expenses of reconstruction amounted to ₹ 10,000.

Pass Journal entries to give effect to the above scheme of reconstruction. 10

(*b*) Explain the term "Purchase Consideration" as per AS-14. 5

(क) संजना लि. का तुलनपत्र 31 मार्च 2011 को इस प्रकार था :

| देयताएँ | ₹ | परिसंपत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| ₹ 8 आहूत ₹ 10 प्रति शेयर | | सुनाम | 1,00,000 |
| की 1,00,000 शेयरों की | | भूमि और भवन | 3,50,000 |
| इक्विटी शेयर पूँजी | 8,00,000 | संयंत्र और मशीनरी | 3,00,000 |
| पूर्ण प्रदत्त ₹ 10 प्रति शेयर | | निवेश | 40,000 |
| के 10% अधिमान शेयर | 4,00,000 | स्टॉक | 1,80,000 |
| अरक्षित ऋण | 1,60,000 | विविध देनदार | 2,10,000 |
| व्यापार लेनदार | 1,40,000 | बैंक में रोकड़ | 25,000 |
| बैंक ओवरड्राफ्ट | 50,000 | प्रारंभिक व्यय | 45,000 |
| | | लाभ-हानि लेखा | 3,00,000 |
| | 15,50,000 | | 15,50,000 |

प्रासंगिक देयता : अधिमान शेयरों पर 3 वर्ष के लिए लाभांश घोषित नहीं किया गया है।

न्यायालय द्वारा पुनर्गठन की निम्नलिखित योजना अनुमोदित की गई है :

(i) अनाहूत पूँजी का पूर्ण आह्वान किया जाए और इक्विटी शेयरों को कम करके ₹ 5 प्रति शेयर किया जाए।

(ii) अधिमान शेयर धारक 3 वर्ष के लाभांश के लिए अपने अधिकार छोड़ने के लिए राज़ी हो गए हैं।

(iii) व्यापार-लेनदार अपने दावों का 10% छोड़ देंगे।

(iv) बैंक ओवरड्राफ्ट शेष के पूर्ण निपटान में निवेशों को ले लेगा।

(v) संयंत्र और मशीनरी को घटाकर ₹ 2,00,000 किया जाएगा।

(vi) स्टॉक को घटाकर ₹ 39,000 किया जाएगा।

(vii) भूमि और भवन का ₹ 1,00,000 अधिमूल्यन किया जाएगा।

(*viii*) पुनर्गठन की व्यय राशि ₹ 10,000 थी।

उपर्युक्त पुनर्गठन योजना को कार्यान्वित करने के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

(ख) AS-14 के अनुसार 'क्रय-प्रतिफल' पद को स्पष्ट कीजिए।

4. The following are the summarised balance sheets of Kriti Ltd., as on 31st Dec. 2009 and 2010 :

| **Liabilities** | **2009** ₹ | **2010** ₹ |
|---|---|---|
| Equity Share Capital | 6,00,000 | 7,50,000 |
| General Reserve | 1,50,000 | 1,80,000 |
| Profit and Loss A/c | 90,000 | 92,000 |
| Mortgage Loan | 2,00,000 | — |
| Sundry Creditors | 4,50,000 | 4,20,000 |
| Provision for Taxation | 90,000 | 1,05,000 |
| | 15,80,000 | 15,47,000 |

| Assets | 2009<br>₹ | 2010<br>₹ |
|---|---|---|
| Land and Buildings | 6,00,000 | 5,70,000 |
| Plant and Machinery | 4,50,000 | 5,07,000 |
| Stock | 3,00,000 | 2,40,000 |
| Debtors | 2,28,000 | 1,92,000 |
| Cash | 2,000 | 3,000 |
| Bank | — | 20,000 |
| Goodwill | — | 15,000 |
| | 15,80,000 | 15,47,000 |

*Other Informations* :

During the year ended 31st Dec. 2010 :

(*i*) Dividends were paid for ₹ 64,000.

(*ii*) Assets of another company were purchased for consideration of ₹ 1,50,000 payable in shares.

The following assets were purchased :

Stock ₹ 60,000

Machinery ₹ 75,000

and Goodwill ₹ 15,000.

(*iii*) Machinery was further purchased for ₹ 24,000.

(*iv*) Depreciation written off on machinery ₹ 36,000.

(*v*) Loss on sale of machinery ₹ 600 was written off to general reserve.

(*vi*) Income Tax provided during the year ₹ 1,00,000.

Prepare Cash Flow Statement. 15

कृति लिमिटेड के 31 दिसम्बर 2009 और 2010 के संक्षिप्त तुलनपत्र निम्नलिखित हैं :

| **देयताएँ** | **2009**<br>₹ | **2010**<br>₹ |
|---|---|---|
| इक्विटी शेयर पूँजी | 6,00,000 | 7,50,000 |
| सामान्य आरक्षिति | 1,50,000 | 1,80,000 |
| लाभ-हानि लेखा | 90,000 | 92,000 |
| बंधक ऋण | 2,00,000 | — |
| विविध लेनदार | 4,50,000 | 4,20,000 |
| कराधान के लिए प्रावधान | 90,000 | 1,05,000 |
| | 15,80,000 | 15,47,000 |

| परिसंपत्तियाँ | 2009<br>₹ | 2010<br>₹ |
|---|---|---|
| भूमि और भवन | 6,00,000 | 5,70,000 |
| संयंत्र और मशीनरी | 4,50,000 | 5,07,000 |
| स्टॉक | 3,00,000 | 2,40,000 |
| देनदार | 2,28,000 | 1,92,000 |
| रोकड़ | 2,000 | 3,000 |
| बैंक | — | 20,000 |
| सुनाम | — | 15,000 |
| | 15,80,000 | 15,47,000 |

**अन्य सूचनाएँ :**

31 दिसम्बर 2010 को समाप्त वर्ष के दौरान :

(*i*) ₹ 64,000 के लाभांश का भुगतान किया गया।

(*ii*) शेयरों में देय ₹ 1,50,000 के प्रतिफल पर एक अन्य कम्पनी की परिसंपत्तियाँ खरीदी गईं।

क्रीत परिसंपत्तियाँ निम्नलिखित थीं :

स्टॉक ₹ 60,000; मशीनरी ₹ 75,000; सुनाम ₹ 15,000।

(*iii*) ₹ 24,000 की और मशीनरी खरीदी गई।

(*iv*) मशीनरी पर ₹ 36,000 का मूल्यह्रास अपलिखित किया गया।

(*v*) मशीनरी की बिक्री पर ₹ 600 की हानि को सामान्य आरक्षिति में अपलिखित किया गया।

(*vi*) वर्ष के दौरान आयकर प्रावधान ₹ 1,00,000।

नकदी प्रवाह विवरण तैयार कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) Distinguish between Cash Flow Statement and Income Statement. 5

(*b*) Z Ltd. made a profit of ₹ 4,00,000 after considering the following items :

| | | |
|---|---|---|
| (*i*) | Depreciation on fixed assets | ₹ 15,000 |
| (*ii*) | Writting off of preliminary expenses | ₹ 6,000 |
| (*iii*) | Loss on sale of furniture | ₹ 900 |
| (*iv*) | Provision for Taxation | ₹ 75,000 |
| (*v*) | Transfer to general reserve | ₹ 5,000 |
| (*vi*) | Profit on sale of building | ₹ 10,000 |

The following additional information is also supplied to you :

| **Particulars** | **31st March 2009** ₹ | **31st March 2010** ₹ |
|---|---|---|
| Sundry Debtors | 15,000 | 20,000 |
| Sundry Creditors | 12,000 | 17,000 |
| Bills Receivable | 14,000 | 17,500 |
| Bills Payable | 9,500 | 6,000 |
| Outstanding expenses | 3,000 | 2,000 |
| Prepaid expenses | 100 | 200 |

You are required to ascertain the amount of cash from operations. 10

(क) नकदी प्रवाह विवरण और आय विवरण में विभेद कीजिए।

(ख) ज़ेड लिमिटेड ने निम्नलिखित मदों को ध्यान में रखने के बाद ₹ 4,00,000 का लाभ अर्जित किया :

| | | |
|---|---|---|
| (*i*) | स्थिर परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास | ₹ 15,000 |
| (*ii*) | प्रारंभिक व्ययों का अपलेखन | ₹ 6,000 |
| (*iii*) | फर्नीचर की बिक्री पर हानि | ₹ 900 |
| (*iv*) | कराधान के लिए प्रावधान | ₹ 75,000 |
| (*v*) | सामान्य आरक्षिति में अंतरण | ₹ 5,000 |
| (*vi*) | भवन की बिक्री पर लाभ | ₹ 10,000 |

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचना भी दी गई हैं :

| **ब्योरा** | **31 मार्च 2009** | **31 मार्च 2010** |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| विविध देनदार | 15,000 | 20,000 |
| विविध लेनदार | 12,000 | 17,000 |
| प्राप्य बिल | 14,000 | 17,500 |
| देय बिल | 9,500 | 6,000 |
| अदत्त व्यय | 3,000 | 2,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 100 | 200 |

आपको नकदी प्रवाह प्रचालन की राशि अभिनिश्चित करनी है।

5. (*a*) The following figures are extracted from the Balance Sheets of Y Ltd. as on 31st Dec. 2009 and 2010 :

| | 2009 | 2010 |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| Stock | 25,000 | 40,000 |
| Debtors | 10,000 | 16,000 |
| Cash at Bank | 5,000 | 4,000 |
| Creditors | 8,000 | 15,000 |
| Bills Payable | 2,000 | 3,000 |
| Provision for Taxes | 5,000 | 7,000 |
| Bank overdraft | 5,000 | 15,000 |

Calculate the current ratio and Acid-test ratio for the two years and comment on the liquidity position of Y Ltd. 8

(*b*) You are required to calculate stock turnover ratio from the particulars given below for two years and comment on the results : 7

| | 2009 | 2010 |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| Opening stock | 10,000 | 12,000 |
| Closing stock | 12,000 | 18,000 |
| Sales | 88,000 | 1,00,000 |
| Rate of Gross Profit | 25% | 25% |

(क) वाई लिमिटेड के 31 दिसम्बर 2009 और 2010 के तुलनपत्रों से निम्नलिखित आँकड़े लिए गए हैं :

| | 2009 | 2010 |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| स्टॉक | 25,000 | 40,000 |
| देनदार | 10,000 | 16,000 |
| बैंक में रोकड़ | 5,000 | 4,000 |
| लेनदार | 8,000 | 15,000 |
| देय बिल | 2,000 | 3,000 |
| करों के लिए प्रावधान | 5,000 | 7,000 |
| बैंक ओवरड्राफ्ट | 5,000 | 15,000 |

दो वर्षों के चालू अनुपात और अम्ल-परीक्षण अनुपात परिकलित कीजिए और वाई लिमिटेड की तरलता-स्थिति पर टिप्पणी कीजिए।

(ख) आपको नीचे दो वर्षों के लिए दिए गए ब्योरे से स्टॉक आवर्तन अनुपात परिकलित करना है और परिणामों पर टिप्पणी करनी है :

| | 2009 | 2010 |
|---|---|---|
| | ₹ | ₹ |
| आरंभिक स्टॉक | 10,000 | 12,000 |
| अंतिम स्टॉक | 12,000 | 18,000 |
| बिक्री | 88,000 | 1,00,000 |
| सकल लाभ की दर | 25% | 25% |

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) The current ratio of a company is 2 : 1. Which of the following suggestions would improve, reduce or leave unchanged the current ratio ?

(*i*) To pay off a current liability.

(*ii*) To sell a Motor Car for cash at a loss.

(*iii*) To borrow money on an interest bearing promissory note.

(*iv*) To purchase stock for cash.

(*v*) To give an interest bearing promissory note to a creditor to whom money was owed on current account.

(*vi*) To discount bills receivables. 9

(*b*) The following ratios relating to a company X and the Industry ratios are given :

| | | **Company X** Ratios | **Industry** Ratios |
|---|---|---|---|
| (*i*) | Current Ratio | 1.86 : 1 | 2.2 : 1 |
| (*ii*) | Stock Turnover Ratio | 2.51 times | 2.8 times |
| (*iii*) | Collection period | 55 days | 56 days |
| (*iv*) | Interest Coverage | 12.66 times | 10 times |
| (*v*) | Return on shareholder's equity | 10.1% | 10.9% |
| (*vi*) | Income before Tax ÷ Sales | 14.08% | 11.9% |

Comment on the company's strengths and weaknesses in terms of liquidity, solvency and profitability. 6

(क) एक कम्पनी का चालू अनुपात 2 : 1 है। निम्नलिखित सुझावों में से किससे चालू अनुपात बढ़ेगा, घटेगा या अपरिवर्तित रहेगा ?

(i) वर्तमान देयता का शोधन

(ii) एक मोटर कार को हानि पर नकद बेचना

(iii) ब्याज वाले एक वचनपत्र पर धन उधार लेना

(iv) स्टॉक नकद खरीदना

(v) लेनदार को चालू लेखे पर देय राशि के लिए ब्याज वाला वचनपत्र देना।

(vi) प्राप्य बिलों पर बट्टा देना।

(ख) कम्पनी 'एक्स' से संबंधित अनुपात और उद्योग-अनुपात नीचे दिखाए हैं :

| | **कम्पनी एक्स अनुपात** | **उद्योग अनुपात** |
|---|---|---|
| (i) चालू अनुपात | 1.86 : 1 | 2.2 : 1 |
| (ii) स्टॉक आवर्त अनुपात | 2.51 गुना | 2.8 गुना |
| (iii) वसूली अवधि | 55 दिन | 56 दिन |
| (iv) ब्याज कवरेज | 12.66 गुना | 10 गुना |
| (v) शेयरधारकों की इक्विटी पर प्रतिलाभ | 10.1% | 10.9% |
| (vi) कर-पूर्व आय ÷ बिक्री | 14.08% | 11.9% |

तरलता, ऋण-शोधन क्षमता और लाभकारिता की दृष्टि से कम्पनी की शक्तियों और कमज़ोरियों पर टिप्पणी कीजिए।